Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 26-04-2005

Participants : Pandey Dr. Laxminarayan

Title: Need to provide funds for implementation of 'Swajal Dhara Yojana' in Madhya Pradesh.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : अध्यक्ष महोदय, स्वजल धारा योजना के तहत देश के राज्यों के विभिन्नय जिलों की अनेक ग्राम पंचायतों की ओर से निर्धारित अंशराशि जमा करा दी गयी है, कुछ स्थानों पर तो उक्त राशि को जमा कराये हुए तीन तीन साल से अधिक हो चुके हैं, किंतु केन्द्र द्वारा जो राशि प्रदत्त की जानी चाहिए थी वह राशि नहीं दिये जाने के कारण उक्त योजना का क्रियान्वयन नहीं हो रहा है तथा देश में पेयजल के संकट की गंभीर स्थिति बनी हुयी है। इन जिलों में बहुत से ऐसे ग्राम हैं, जो पिछले काफी समय से पेयजल समस्या मूलक हैं। आदिवासी बहुत हैं अथवा अनुसूचित जाति/जनजाति बहुत हैं, पहाड़ी क्षेत्रों में हैं।

मध्य प्रदेश के कतिपय जिलों में जिनमें मंदसौर, नीमच, रतलाम और उज्जैन प्रमुख हैं, इनमें लगातार जल स्तर नीचे जाने से जहां किसानों के लिए तो समस्या पैदा हुयी ही है, किंतु आम व्यक्तियों के लिए पीने के पानी का भी गंभीर संकट खड़ा हो गया है। ग्री-म ऋतु प्रारंभ हो चुकी है और अभी से तापमान का दवाब तेजी से बढ रहा है। ऐसी स्थिति में मेरी ग्रामीण विकास मंत्री महोदय से मांग है कि पेयजल योजना (स्वजल धारा योजना) के लिए जिनके बारे में राज्य शासन द्वारा भी अनुशंसा कर प्राथमिकता तय कर दी गयी है। उनके लिए धनराशि अविलंब उपलब्ध कराये ताकि नागरिकों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े और पेयजल संकट का समाधान समय रहते किया जा सके।